## सार-समाचार

### 8 महिला को परित्यक्ता प्रमाण पत्र दिए

**जालोर**, (कासं)। प्रशासन गावों के संग अभियान के तहत रानीवाडा पंचायत समिति की रानीवाडा कलां ग्राम पंचायत में मंगलवार को आयोजित शिविर में आठ परित्यक्ता महिलाओं को परित्यक्ता प्रमाण पत्र जारी किए गए जिससे उन सभी महिलाओं में खुशी की लहर छा गई। शिविर के दौरान जुग्नुदेवी जोगी, रेखा कुमारी ओड, रेखा कुमारी, हसीना देवी मिरासी, मंजुला पुरोहित, किरण कुमारी श्रीमाली, कृष्णाबेन एवं काजल सिंधी द्वारा शिविर प्रभारी प्रकाशचन्द्र अग्रवाल के समक्ष अपनी व्यथा सुनाने पर शिविर प्रभारी द्वारा तुरंत समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी को आदेशित कर सभी महिलाओं को परित्यक्ता प्रमाण पत्र जारी करवाए गए। परित्यक्ता प्रमाण पत्र मिलने पर सभी महिलाओं ने राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन गावों के संग अभियान की सराहना की। इसी प्रकार शिविर में नरेश कुमार पुत्र मफाराम का 28 वर्षों बाद राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरुस्त किया गया। नरेश कुमार का राजस्व रिकॉर्ड में पूर्व में नागजी पुत्र मफाराम नाम दर्ज था। जिससे उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। शिविर के दौरान जब नरेश कुमार द्वारा शिविर प्रभारी को नाम दुरुस्तीकरण का आवेदन प्रस्तुत किया तो शिविर प्रभारी ने उसके आवेदन की पटवारी हल्का रानीवाडा व तहसीलदार नारायण लाल सुथार से जांच करवाई। जांच में सही पाये जाने पर दुरुस्ती प्रस्ताव तैयार किया जाकर तत्काल प्रभाव से नाम दुरुस्तीकरण के आदेश जारी किए गए। शिविर में अपना नाम दुरुस्त होने पर नरेश कुमार ने शिविर प्रभारी व कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सरकार के प्रशासन गांवों के संग अभियान की प्रशंसा की।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 11 दिसम्बर को

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में 11 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिले के सभी न्यायालयों में जहां राजीनामा योग्य प्रकरण लंबित है। उन न्यायालयों के अलावा जिला विधिक सेवा सेवा प्राधिकरण जालोर, तालुका विधिक सेवा समिति भीनमाल, सांचोर व रानीवाडा में प्रि लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों के लिए यह लोक अदालत आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सस्ता, शीघ्र एवं सुलभ न्याय मिलता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र कुमार मीणा ने पक्षकारान व अधिवक्तागण से आह्वान किया है कि वे अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रेफर करवाए एवं लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निस्तारण करवाकर समय व धन की बचत करें। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व पक्षकारान के बीच बातचीत कर काउन्सलिंग भी की जा रही है। इसके लिए पक्षकारान संबंधित न्यायालय जहां उनका मामला चल रहा है। वहां, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर, न्यायालय परिसर तालुका विधिक सेवा समिति भीनमाल, सांचौर व रानीवाडा में भी संपर्क किया जा सकता है। मीणा ने बताया कि विभिन्न बैंकों के वसूली के प्रकरण भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समितियों में विभिन्न बैंकों द्वारा पेश किये गये है, उनके लिए प्रि काउन्सलिंग की व्यवस्था की गई है। पक्षकारान प्रि काउन्सलिंग के दिन एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने प्रकरणों को निस्तारित करवा सकते हैं।

### नई पेंशन योजना घातक : धर्मेन्द्र गहलोत

**आबूरोड**, (निसं)। नई पेंशन योजना राज्य कर्मचारियों के लिए घातक है। यह उद्‌गार राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत ने राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन के समापन अवसर पर व्यक्त किए। अधिवेशन संयोजक सत्यनारायण बैरवा ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों की सेवारत समस्याओं के प्रकरण संगठन को प्राप्त होंगे। उसका शीघ्रता से समाधान करवाया जायेगा। सहसंयोजक किशोर कुमार ने शिक्षकों की शिक्षा विभागीय स्तर पर लंबित समस्याओं को प्राथमिकता से समाधान की आवश्यकता जताई। अधिवेशन के खुले क्षेत्र में जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह सोलंकी, उपशाखा अध्यक्ष देवेश खत्री, मनोहर सिंह चौहान, इंद्रमल खंडेलवाल, गुरुदीन वर्मा, धर्मेंद्र खत्री, कांतिलाल मीणा, शांतिलाल लोहार, गणेश कुमार मेघवाल, भंवरलाल, संयोजक सत्यनारायण बैरवा, सहसंयोजक किशोर कुमार, जयकिशन, संध्या राठौर, राजकुमारी माथुर, हेमंत माली, कालाराम, चतराराम, रवीन्द्र कुमार, सविता बैरवा, गीता भाटी, पवित्रा रारिया, सीमा रारिया, सीमा धारु, गीता आदि शिक्षक उपस्थित थे। अधिवेशन के खुले सत्र में शिक्षकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

### बायतु निवासी दंपति ने देहदान किया

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर के बायतु निवासी दम्पति हिम्मताराम पुत्र खेराजराम गोराडिया एवं उनकी धर्मपत्नि गवरी देवी ने स्वेच्छा से देहदान का संकल्प लेकर समाज में एक सकारात्मक सन्देश दिया है। दम्पति ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.के. आसेरी एवं एनाटोमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिजीत जोशी को स्वेच्छिक देहदान प्रपत्र सौंपा। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य आसेरी ने बताया कि दम्पति का देहदान का संकल्प सभी के लिए देहदान के प्रति जागरूकता का सन्देश प्रदान करता है। देहदानकर्ता हिम्मताराम एवं गवरी देवी ने बताया कि हमारी देह मरणोपरान्त भविष्य के डॉक्टर्स के शिक्षण एवं शोधकार्य में उपयोगी होगी। उन्होने बताया कि उन्हें देहदान की प्रेरणा उनके अतंर्मन से मिली। दंपति का मेडिकल कॉलेज प्राचार्य एवं एनाटोमी विभाग के विभागाध्यक्ष ने आभार जताया।

### ओ.बी.सी. मोर्चा के मंडल अध्यक्ष घोषित

**जालोर**, (कासं)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने मंगलवार को जालोर जिला मण्डल अध्यक्षो की घोषणा की। जालोर आईटी जिला संयोजक भीखाराम प्रजापत ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना, जिला प्रभारी आवडदान चारण, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव के निर्देशानुसार ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी ने जालोर जिले में मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की। जिसमे जालोर शहर मण्डल अध्यक्ष जोगेश सेन, गुडा बालोतान मण्डल पर हरीश कुमावत अगवरी, आहोर मण्डल अध्यक्ष पद पर लालाराम देवासी कांबा, अरणनाय मण्डल पर मांगीलाल देवासी भादरणा को नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी ने भाजपा ओबीसी मोर्चा के नवीन मण्डल अध्यक्षों को पार्टी के हित में कार्य करने की अपील की।

### रविकांत ने सतर्कता की अपील की

**रानी**, (निसं)। कोविड की संभावित तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग मास्क का उपयोग आवश्यक रूप से कर संभावित बीमारी से बचने के प्रयास करें। उन्होंने व्यापारियों से अपील की है कि दुकान में बिना मास्क आने वाले ग्राहकों से मास्क लगाने की अपील करें कि पुनः जब भी दुकान पर आए बिना मास्क नही आये। उन्होंने दुकानदारों से भी बिना मास्क दुकान में नहीं आने की अपील की। बाजार में भीड़ नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि सरकार की नई गाइड लाइन के अनुसार प्रशासन एवं पुलिस व नगरपालिका का संयुक्त अभियान कभी भी चलाया जा सकेगा। उन्होंने लोगों से बच्चों का अधिक ध्यान रखने की हिदायत दी।

### प्रताप पुरी महाराज ने दौरा किया

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत प्रतापपुरी महाराज ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों एवं पोकरण शहर सहित गांव ढाणियों में आमजन की समस्याओं को लेकर जनसंपर्क कर समस्याओं के निदान में लगे हुए हैं। मोडरडी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत कर जनसुनवाई की। प्रतापपुरी महाराज नानणीयाई गांव में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए।


### सफाई कर्मी का सम्मान किया

**भेडाणा**, (निसं)। भेडाणा में मंगलवार को पशु चिकित्सालय सफाई करता चंपालाल हरिजन का सेवानिवृत्त समारोह आयोजित हुआ। जिसमें हॉस्पीटल के डॉक्टर रमेश, कंपाउण्डर मोहनलाल, रूघाराम ने चंपालाल का माला व साफा पहनाई। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य देवाराम चौधरी, उप सरपंच डामराराम, नरीगाराम, आईदानराम, राणाराम, कालूराम दर्जी, मदनलाल दर्जी और भी कई ग्रामीण मौजूद थे। देवाराम चौधरी ने कहा कि हॉस्पीटल में चंपालाल ने बहुत ही अच्छी तरह कामकाज किया।

### आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**जसवंतपुरा**, (निसं)। जवाहर नवोदय विद्यालय जसवंतपुरा सत्र 2022-23 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म की अंतिम तिथि 30 नवंबर को बढ़ाकर15.12.2०21 कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर पा सकते हैं।

# शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षकों की लंबित मांगों पर चर्चा के साथ कई प्रस्ताव पारित किए




राजस्थान समर्ग शिक्षक संघ का जिला शिक्षक अधिवेशन रेवदर के बुढेश्वर महादेव मन्दिर में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत




जालोर में शिक्षक संघ शेखावत के शैक्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन वक्ताओं ने विचार प्रकट किये। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जालोर दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन पंचायत समिति सभागार में दूसरे दिन मंगलवार को खुला सत्र पीईईओ लेटा मिश्रीलाल गर्ग मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष शिवदत्त आर्य तथा जिला संयोजक दलपत सिंह आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें शिक्षकों की लंबित मांगों के साथ विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए।

शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर 6 दिसंबर को संगठन की ओर से हल्ला बोल के तहत होने वाले आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आव्हान किया गया। गर्ग ने कहा कि नए कर्मचारियों को सुविधा लेनी है तो संघर्ष करना पडेगा अन्यथा सरकारे कुछ नहीं देगी। प्रदेश उपाध्यक्ष आर्य ने 6 तारीख को बीकानेर में होने वाले कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आहवान किया।

सम्मेलन संयोजक बरकत खान मेहर ने बताया कि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा कर्मचारी मांगों को लेकर आंदोलन तथा प्रशासन गांवों तथा शहरों संग अभियान के बहिष्कार का समर्थन करता है। साथ ही शिक्षक समुदाय का आव्हान करता है। इसी प्रकार महामारी के चलते लंबे अंतराल के बाद विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारंभ हो पाया है। वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों का साहचर्य और रूबरू भौतिक शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण तथा आवश्यक है। सम्मेलन में प्रमुख मांगों पर चर्चा कर रणनीति बनाई गई। अध्यापक भंवरु खान ने अभियान गीत सुनाया।

जिला सह संयोजक गोविंद सिंह राम ने कविता सुनाएं। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक गोविंद सिंह राव ने किया। इस मौके पर राज्य पुरस्कार से सम्मानित नरसिंह दास वैष्णव का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला संरक्षक ओम प्रकाश खंडेलवाल, गोपाल सिंह मंडलावत, शैलजा माथुर ललिता प्रसाद शर्मा, कपिल मुद्गल, अनन्त प्रकाश लखारा, दिनेश राव, शैलेंद्र कुमार सिंघल, अनीता बानो सिलावट, बरकत खान मंगलिया ने अपने विचार व्यक्त कर शिक्षक समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर इस मौके पर शिक्षा विभाग में अच्छी सेवा एवं संगठन में अच्छे कार्य करने कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक बरकत खान मेहर ने आभार जताया। सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रशांत सिंह शैलजा माथुर, दमयंती वैष्णव, अंजना शर्मा, रेखा खत्री, पदमा बाघेला, भूपेश मिश्रा, रतनलाल,अख्तर हुसैन, मनोज चौधरी, राकेश शर्मा, कपिल मुद्गल, देवेंद्र शर्मा, अनन्त प्रकाश लखारा,शंकरलाल माली, नसीर खान, दिनेश राव, शंकर दास, जितेंद्र रामावत, पूनम सिह, नरेन्द्र खत्री रोहिताश शर्मा, राजेंद्र सिंह सहित कई शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**रेवदर संवाददात के अनुसार :** राजस्थान समग्र शिक्षक संघ का जिला शिक्षक अधिवेशन रेवदर के बुढ़ेश्वर महादेव मन्दिर में प्रारंभ हुआ।

शैक्षिक सम्मेलन में पूर्व जिला प्रमुख चंदन सिंह देवड़ा, आबूरोड प्रधान लीला राम गरासिया, राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदयसिंह डिंगार, जिला परिषद सदस्य मोतीराम कोली, कांग्रेसी नेता हिमपाल सिंह देवल, भटाना सरपंच भवानी सिंह देवड़ा, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़, उप सरपंच संघ प्रदेश संयोजक सुजान सिंह वडवज, शिक्षा अधिकारी पुनमसिह सोलंकी, रेवदर सरपंच अजबाराम चौधरी, पूर्व शिक्षा अधिकारी दलपत राजपुरोहित, पूर्व पचायत समिति सदस्य हंसमुख भाई बोकड़िया, पूर्व उपसरपंच वासन प्रताप पचाल समेत कई जने उपस्थित रहे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उदय सिंह डिंगार ने बताया कि समग्र शिक्षक संघ के शैक्षिक अधिवेशन के प्रारंभ अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने एक स्वर में पुरानी पेंशन प्रणाली लागू करने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि शैक्षिक अधिवेशन के अवसर पर संविदा निविदा प्लेसमेंट कर्मियों को नियमित करवाने के लिए रणनीति बनाने पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख चंदन सिंह देवड़ा ने समग्र शिक्षक संघ की रीति नीति की सराहना की। आबूरोड प्रधान लीला राम गरासिया ने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

कांग्रेसी नेता भवानी सिंह भटाणा हिमपाल सिंह देवल ने वर्तमान सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड व सुजान सिंह वडवज ने भी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में किए गए शिक्षा जगत के कार्यों को याद दिलाया। शिक्षकों ने भी अपनी समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया।

जनप्रतिनिधियों ने भी आश्वासन दिया कि समग्र शिक्षक संघ को हर संभव मदद का पूरा प्रयास करेंगे। शिक्षकों, प्रबोधकों, पैराटीचर शिक्षाकर्मी, पंचायत सहायक, कुक कम हेल्पर सहित निविदा प्लेसमेंट कार्मिकों के हितार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में शैक्षिक नवाचार और शैक्षिक पाठ्यक्रम शिक्षा विभाग को डिजिटल बनवाने में अत्याधुनिक तकनीक अपनाने पर चर्चा की गई।

## भीनमाल के वार्ड 35 व सांचौर के वार्ड 17 में उप चुनाव होगा

**जालोर**, (कासं)। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नगरीय निकायों के सदस्यों के रिक्त पदों पर उप चुनाव माह नवम्बर-दिसम्बर, 2021 के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 30 नवम्बर को करने के साथ ही नगरपालिका भीनमाल के वार्ड सं. 35 एवं

■ **आदर्श आचार संहिता की पालना के निर्देश दिये है**

नगरपालिका सांचोर के वार्ड सं. 17 निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरपालिका) नम्रता वृष्णि ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के अनुसार नगरपालिका भीनमाल के वार्ड सं. 35 एवं सांचोर नगरपालिका के वार्ड सं. 17 में सदस्य के रिक्त पद पर उप चुनाव करवाये जायेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 6 दिसम्बर को लोक सूचना जारी की जायेगी तथा अंतिम तिथि 10 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। 11 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी तथा 13 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थिता वापिस ली जा सकेगी। 14 दिसम्बर को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जायेगा। 21 दिसम्बर को प्रातः 7.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक मतदान करवाया जायेगा तथा 23 दिसम्बर (गुरूवार) को प्रातः 9 बजे से मतगणना की जायेगी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## महिला जन प्रतिनिधियों के लिए कार्यशाला आयोजित



स्वरूपगंज के अचपुरा में आवश्यकता आधारित कार्यशाला का आयोजन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**स्वरूपगंज**, (निसं)। द हंगर प्रोजेक्ट के तत्वावधान में राजीव गांधी सेवा केंद्र अचपुरा में मंगलवार को आवश्यकता आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पांच ग्राम पंचायत से महिला जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम समन्वयक कैलाश बंजारा ने दो दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा की स्थिति एवं स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी एवं विद्यालय क्रमोन्नत की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुष्पा झा ने बताया कि अक्टूबर माह से दिसंबर 16 तक आयोजित होने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रशासन गांवों के संग अभियान में पूरा प्रशासन अपने द्वारा रहे हैं एवं 19 विभागों के अधिकारी उन कैंपों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान महिला जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी बनती है कि विभिन्न मुद्दों से जुड़ी हुई समस्याओं को उक्त कैंप में रखें समाधान के लिए साथ ही ग्राम पंचायत के वार्षिक कार्य योजना 2022 एवं 23 के प्लान में मनरेगा से जुड़े हुए मुद्दों को प्राथमिकता से रखे। विकास के साथ में मानव विकास के मुद्दों को भी प्राथमिकता से लेते हुए ग्राम पंचायत के वार्षिक कार्य योजना में जुड़वाने का कार्य करें।

कैलाश बंजारा ने स्थाई समितियों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के कार्यों को लेकर बहुत बड़ा सवाल रहता है। उन कार्यों को आसान करने के लिए ग्राम पंचायतों में स्थाई समितियों का गठन किया गया है।

पुष्पा झा ने शिक्षा की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए स्कूल प्रबंधक कमेटी के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि स्कूल मैनेजमेंट के लिए कमेटी का गठन किया गया है और उन कमेटी की जिम्मेदारी बनती है कि स्कूल से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों को ग्राम पंचायत में उठाएं एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। कार्यशाला में बालिकाओं के लिए सरकार की ओर से चला रही विभिन्न योजनाओं के बारे में महिला जनप्रतिनिधि की समझ विकसित की गई। कार्यशाला में विभिन्न महिलाओं ने भागीदारी निभाई।

## भविष्य ज्ञान ज्योति राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। राज्य स्तरीय भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर राजाराम आंजणा समाज छात्रावास, जालोर के बहुउद्देश्य सभागार में जालोर विकास अधिकारी सांवलाराम चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए सांवलाराम चौधरी ने बताया कि आमतौर पर अपने जीवन में हर छात्र सफलता प्राप्त करके आगे बढ़ना चाहता हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सिर्फ चाहने से कुछ नहीं होता बल्कि सफल विद्यार्थी बनने के लिए हमें पर्याप्त मेहनत करने की जरूरत होती हैं। अगर विद्यार्थीयों की बात करे, तो उन्हें सही दिशा में मेहनत करने और स्मार्ट तरीके से पढ़ाई करने के गुण जरूर सीखने चाहिए, ताकि वे एक निश्चित समय अवधि में सफलता प्राप्त कर सकें। इसके लिए उन्हें प्रभावी अध्ययन की आदत डालने के साथ ही उन सभी नियमों का भी सख्ती से पालन करना होता हैं, जो अंततः हमें सफलता की ओर अग्रसर करते हैं।

बैठक में उपस्थित ओडवाडा प्रधानाचार्य किशनाराम पटेल राखी व व्याख्याता मुकेश चौधरी रामा ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि जीवन में सदैव एक लक्ष्य का निर्धारण कर उस लक्ष्य की प्राप्ति तक कठोर मेहनत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा समाज के आराध्य देव राजेश्वर भगवान की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर देवों की मंगल आरती के साथ किया। भविष्य ज्ञान ज्योति, राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2021-22 के जालोर जिला समन्वयक मालाराम चौधरी ने बताया कि हर वर्ष के भांति इस शैक्षणिक सत्र में भी कलबी समाज के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक उन्नयन के लिए भविष्य ज्ञान ज्योति, प्रतिभा खोज परीक्षा के तहत् राज्य के 25 ब्लॉक जिसमें सांचोर, पांचला, हाडेचा, भीनमाल, रानीवाडा, जालोर, सायला, बागोडा, रामसीन, आहोर, भाद्राजून, जसवन्तपुरा, जोधपुर, बालोतरा, सिणधरी, समदड़ी, गुड़ामालानी, पाली, भॉवरी, सिरोही, मण्डार, रेवदर, सरूपगंज, शिवगंज व जयपुर में 9 जनवरी को कलबी (आंजणा) समाज छात्रावासों में पूर्णत्‌या प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

जालोर ब्लॉक परीक्षा प्रभारी विनोद चौधरी, संचालक सेंट राजेश्वर कॉन्वेंट सैकण्डरी स्कुल, जालोर ने बताया कि भविष्य ज्ञान ज्योति, प्रतिभा खोज परीक्षा के तत्वावधान में जिले के 12 ब्लॉक जिसमें जालोर, आहोर, सायला, सांचोर, भीनमाल, रानीवाडा, भाद्राजून, जसवन्तपुरा पाँचला, हाडेचा, बागोडा व रामसीन सहित राज्य के 13 अन्य स्थानों पर यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में सीनियर एवं जुनियर दो वर्ग होगे। जिसमें सीनियर वर्ग में महाविद्यालय स्तर इसमें स्नात्तक व स्नात्तकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी एवं जुनियर वर्ग में विद्यालय स्तर जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस सामान्य ज्ञान परीक्षा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा आयोजित की जायेगी। महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तथा विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए दोपहर 1.30 बजे से शाम 3.30 बजे तक रहेगा। इस ब्लॉक स्तरीय लिखित परीक्षा के प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं के मध्य जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर उनका चयन राज्य स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता एवं पुरूस्कार वितरण समारोह के लिए किया जायेगा। इस समारोह में राज्य प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारीयों द्वारा प्रतियोगियों को मार्गदर्शन के लिए कैरियर सेमीनार का आयोजन किया जायेगा। भविष्य ज्ञान ज्योति, प्रतिभा खोज परीक्षा द्वारा आयोजित इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर कलबी समाज छात्रावासों के संचालकों से इस परीक्षा से सम्बधित आवेदन-पत्र प्राप्त कर उसे निर्धारित प्रारूप में भरकर वांछित योग्यताओं से सम्बधित प्रमाण पत्रों को सलंग्न करके अपने-अपने आवेदन पत्र समाज छात्रावासों के संचालकों के पास जमा करवा देवें।

बैठक में जालोर विकास अधिकारी सांवलाराम चौधरी, ओड़वाडा प्रधानाचार्य किशनाराम पटेल राखी, व्याख्याता मुकेश चौधरी रामा, व्यवसायी वीराराम चौधरी भोरड़ा, प्रकाश चौधरी रेवड़ा कलां, सेंट राजेश्वर स्कुल के प्रबंध निदेशक विनोद चौधरी मोतीसरी, केराराम चौधरी, मावाराम चौधरी, धीराराम सहित कई जने उपस्थित थे।

## नया नारणावास में प्रशासन गांवों के संग अभियान का शिविर लगाया

**जालोर**, (निसं)। जालोर जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालय नया नारणावास में मंगलवार को प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन किया गया।

प्रप्त जानकारी के अनुसार शिविर में जागनाथ मठ के महंत महेंद्र भारती , जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग , उपखण्ड अधिकारी चंपालाल जीनगर , नारणावास सरपंच जशोदा कंवर , जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित , तहसीलदार पदमा राम , जालोर विकास अधिकारी सावला राम चौधरी , अतिरिक विकास अधिकारी केवा राम , पीईईओ रतन सिंह राठौड़, रूप सिंह राठौड़ नारणावास, रसद विभाग की नमिता की मौजूदगी में आयोजित हुए शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शिविर में पंचायती राज विभाग , चिकित्सा विभाग ,कृषि विभाग, विद्युत विभाग , राजस्व विभाग ,महिला एवं बाल विकास विभाग, जलदाय विभाग समेत कई विभागों के कार्मिक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर को लेकर नारणावास पंचायत क्षेत्र के नारणावास , नया नारणावास व धवला के ग्रामीण अपने कार्य करवाने के लिए शिविर में पहुंचे। नारणावास सरपंच जशोदा कंवर व ग्राम विकास अधिकारी लच्छा राम प्रजापत ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान में लोगों के पेंशन की स्वीकृतिया, पालनहार, मुख्यमंत्री आवास की स्वीकृतिया, शिविर में जारी किए गए एवं पेंशन के पीपीओ जारी किए गए।

इस मौके पर लोगों के आवासीय पुश्तैनी घरों के पट्टे 90 जारी किए गए साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृतिया 22 जारी की गई एवं नए जॉब कार्ड 16 जारी किए गए। साथ ही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के आवेदन लिए गए। साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी ।

इस अवसर पर मदन सिंह बालोत लच्छा राम धांधू, जितेंद्र त्रिवेदी ,उप सरपंच मनोहर सिंह आरआई मोहन सिंह , गणपत सिंह , महेंद्र जीनगर , काना राम , पाबु सिंह , विक्रम सिंह आदि की मौजूद रहे।

### कई लोगों की समस्या का समाधान किया

**रानी**, (निसं)। प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत बिजोवा में कैंप का आयोजन किया गया।

शिविर में मारवाड़ विधायक खुशवीर सिंह उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह, तहसीलदार सुनीता चारण, विकास अधिकारी आवड़दान, प्रधान श्यामा कंवर, सरपंच भंवरी देवी सहित समस्त ब्लॉक लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।

कैंप में राजस्व, पंचायती राज सहित अन्य सभी विभागों द्वारा आम जन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया।

उपखण्ड अधिकारी सिंह ने बताया कि कैंप की मुख्य उपलब्धि भगवानपुरा स्टेशन पर शमशान भूमि आवंटन रही। भगवानपुरा स्टेशन के ग्रामीण शमशान भूमि के लिए लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे जो की आज पूरी हुई।

इसके साथ ही राजस्व विभाग द्वारा सहमति से बंटवारे के 26, रास्ते के 16 , शुद्धि के 36, सीमांकन 27 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 3० पट्टे, 2० जॉब कार्ड, 39 पीपीओ जारी किए गए।

कैंप के समापन पर उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह द्वारा समस्त ग्रामीणों को वैक्सीन लगवाने, और मास्क का प्रयोग करने की अपील की।

## जल संचय योजना की बैठक संपन्न

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में मंगलवार को राजीव गांधी जल संचय योजना की बैठक संपन्न हुई। जिला कलैक्टर ने राजीव गांधी जल संचय योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्ण किए गए कार्यों को समयबद्ध रूप से राजीव गांधी जल संचय योजना पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही लक्ष्यानुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ यादवेन्द्र सिंह चूडावत, पीएचईडी एसई ताराचन्द कुलदीप, जिला परिषद के सोहम शर्मा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।